आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- आज विश्व वानिकी दिवस है। आज वानिकी दिवस के अवसर पर द्वीपों के उपराज्यपाल ने द्वीपवासियों को शुभकामनाएं दी है।
- पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण ने एकीकृत पेंशन योजना अमल में आने की अधिसूचना जारी कर दी है।
- शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों में शारीरिक दण्ड पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाते हुए नया आदेश जारी किया है।
- द्वीपसमूह में विश्व टीबी दिवस चौबीस मार्च को मनाया जाएगा।

<><><><><><><>

आज विश्व वानिकी दिवस है। इस अवसर पर द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने द्वीपवासियों को शुभकामनाएं देते हए कहा कि अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह देश और दुनिया के बाकी हिस्सों के साथ "वन और खाद्य" थीम पर 'अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस' मना रहा है। यह दिन खाद्य सुरक्षा, पोषण और आजीविका में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है, साथ ही वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए तकनीकी नवाचारों का उपयोग करने के लिए कार्रवाई शुरू करने का आह्वान करता है। यह थीम हमें याद दिलाती है कि वनों की रक्षा और पुनर्स्थापना केवल पेड़ों को बचाने के बारे में नहीं है – यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्थायी और पौष्टिक खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित करने के बारे में भी है। उन्होंने कहा कि विश्व वानिकी दिवस, 2025 में भाग लेकर, हम अपने जीवन में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हैं और ऐसे कार्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं जो लोगों और ग्रह, विशेष रूप से वन–आश्रित समुदायों की भलाई के लिए इन अमूल्य पारिस्थितिकी प्रणालियों को संरक्षित करते हैं।

<><><><><><><>

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण ने एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस अमल में आने की अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिसूचना केंद्र सरकार के राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली–एन पी एस के कर्मचारियों को एकीकृत पेंशन योजना मे लाने के लिए इस वर्ष जनवरी में जारी अधिसूचना का अनुसरण है। पी एफ आर डी ए ने कहा है कि एकीकृत पेंशन योजना से संबंधित नियम अगले महीने पहली अप्रैल से लागू होंगे। ये नियम तीन श्रेणियों

के केंद्र सरकार के कर्मचारियों के नामांकन में लागू होंगे। इसमें एक अप्रैल–2025 तक सेवारत केंद्र सरकार के एन पी एस कर्मचारी, केंद्र सरकार की सेवा में पहली अप्रैल 2025 या उसके बाद भर्ती होने वाले कर्मचारी और एन पी एस के अंतर्गत वे कर्मचारी जो 31 मार्च 2025 को या उससे पहले सेवानिवृत्त हो चुके हैं। केंद्र सरकार के कर्मचारियों की इन सभी श्रेणियों के लिए नामांकन और दावा फार्म पहली अप्रैल से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के केंद्रीय रिकॉर्डकीपिंग एजेंसी की वेबसाइट – npscra.nsdl.co.in पर ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। कर्मचारी स्वयं भी फार्म जमा करा सकते हैं।

<><><><><><>

'प्रशासन गाँव की ओर' पहल के तहत, मध्योत्तर अंडमान के ज़िला उपायुक्त नंदिनी महाराज ने कल रंगत तहसील का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान, उन्होंने पंचायती राज सदस्यों और स्थानीय निवासियों के साथ एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया, जिसमें प्रमुख चिंताओं पर विचार–विमर्श किया गया। उन्होंने रंगत में प्रमुख विकास परियोजनाओं का निरीक्षण भी किया, जिसमें आगामी महिला छात्रावास का निर्माण भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी दौरा किया, जहाँ उन्होंने चल रही चुनौतियों का आकलन करने और जनता के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों के साथ बातचीत की।

<><><><><><>

शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों में शारीरिक दण्ड पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाते हुए नया आदेश जारी किया है। यह निर्देश भारतीय शिक्षा का अधिकार नियम– दो हजार नौ के तहत दिया गया है। जिसके अनुसार किसी भी छात्र को शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का शिकार नहीं बनाया जा सकता। हाल ही में हुई घटना के मद्देनजर प्रशासन ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों को इस प्रतिबंध के बारे में जागरूक करे। प्रशासन का कहना है। स्कूलों में बच्चों के लिए सुरक्षित, अनुकूल और सौहार्दपूर्ण वातावरण आवश्य है।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में विश्व टीबी दिवस चौबीस मार्च को मनाया जाएगा। इस बार की थींम है–" हां हम टीबी को समाप्त कर सकते है। प्रतिबद्धता करें और क्रियान्वयन करें।" इस अवसर पर पूरे समुदाय में टीबी की रोकथाम और नियंत्रण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा स्वास्थ्य विशेषज्ञ टीबी उन्मूलन के प्रयासों पर प्रकाश डालेंगे और लोगों की इस बीमारी की रोकथाम के बारे में जागरूक करेंगें। इस उपलक्ष्य में दक्षिण अण्डमान ज़िला स्वास्थ्य

सोसाइटी द्वारा रेत कला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता तेईस मार्च को दोपहर दो बजे कार्बाइंस–कोव तट पर आयोजित होगी। प्रतियोगिता सभी के लिए खुली है। इच्छुक कलाकारों को कल दोपहर दो बजे तक ज़िला स्वास्थ्य सोसाइटी के कार्यालय में या ई–मेल के माध्यम से पंजीकरण कराने को कहा गया है।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय की टर्म एण्ड परीक्षा के लिए ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि कल समाप्त हो चुकी हैं, हालांकि जो छात्र अभी तक अपना फार्म नहीं भर पाए है। वे विलम्ब शुल्क के साथ इक्कीस अप्रैल से सत्ताईस मई तक आवेदन कर सकते है। विलम्ब शुल्क के रूप में ग्यारह सौ रूपए अतिरिक्त देने होंगे। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की सहायता के लिए इग्नू कार्यालय से संपर्क या आधिकारिक वेबसाइट पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यह परीक्षा जून में आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों में स्थित सभी गोदामों और सार्वजनिक वितरण केन्द्रों का वार्षिक निरीक्षण किया जाएगा। यह प्रक्रिया अगले सप्ताह पूरी की जाएगी। विभाग ने आम जनता और सभी हितधारकों को सूचित किया है कि पच्चीस मार्च से इक्कतीस मार्च तक निरीक्षण के दौरान सभी प्रकार के लेन–देन स्थगित रहेंगे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन द्वारा सार्वजनिक संपत्तियों को पुनः प्राप्त करने और उनकी रक्षा के लिए अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इसके तहत पोर्ट मोर्ट क्षेत्र में पुलिस कर्मियों, ए पी डब्ल्यू डी श्रमिकों और राजस्व कर्मचारियों के सहयोग से एक अभियान चलाया गया। इस दौरान, राजस्व टीम ने दो अनधिकृत टिन संरचनाओं को सफलतापूर्वक हटा दिया। लगभग आठ सौ वर्ग मीटर सरकारी राजस्व भूमि को सरकारी खाते में जमा कर दिया गया है। दक्षिण अंडमान उपायुक्त ने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्ज़ा करने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। आम जनता से कहा गया है कि वे इस तरह के अवैध गतिविधियों की सूचना जिला नियंत्रण कक्ष या फोन पर दें सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के समग्र शिक्षा, यूटी मिशन प्राधिकरण, के तहत विभिन्न पदों ब्लॉक रिसोर्स पर्सन, क्लस्टर रिसोर्स पर्सन, अंशकालिक प्रशिक्षक, विशेष शिक्षक, आंतरिक लेखा परीक्षा अधिकारी, लेखाकार,

एम आई एस समन्वयक, डाटा एंट्री ऑपरेटर, आई टी कार्मिक एवं मल्टी–टास्किंग स्टाफ के लिए अनुबंध के आधार पर नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों की अंतिम वरीयता सूची कल संबंधित ब्लॉक परियोजना कार्यालयों में प्रदर्शित की जाएगी। पात्र उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे चौबीस से छब्बीस मार्च तक संबंधित ब्लॉक परियोजना अधिकारी के पास दावे एवं आपत्तियां जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

उत्तर व मध्य अण्डमान के उपायुक्त ने प्रशासन गांव की ओर पहल के तहत बानवे वर्षीय निवासी के लम्बे समय से चली आ रही शिकायत का समाधान किया और रंगत में विकास परियोजनाओं की समीक्षा करने के समाचार को–द्वीप समाचार ने पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार ने टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के रेत कला प्रतियोगिता आयोजित करने के समाचार को भी पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है। केन्द्र ने पशुधन क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को मंजूरी दी –द डेली टेलीग्राम्स की बडी खबर है। अखबार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत स्कूल प्रमुखों, स्वास्थ्य, एम्बेसेडरों और स्वास्थ्य दूतों के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को भी पहले के मध्य में जगह दी है। इंफो इंडिया ने डिगलीपुर के रामनगर गांव में ग्रामीण पर्यटन पर वृत्तचित्र वीडियों का उद्‌घाटन करने के समाचार को पहले पन्ने के उपरी भाग में सचित्र प्रकाशित किया है।

–द इको ऑफ इंडिया ने आर टी जी पब्लिक विद्यालय के मास्टर अक्षत शर्मा ने गणित ओलम्पियाड में क्षेत्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त करने के समाचार को भीतर के पन्ने में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>